## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कई पंचायतों में शिविर का आयोजन

# शिविर में योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। कर्रा प्रखंड की कच्चाबारी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, कृषि, राजस्व, मत्स्य, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, सहकारिता समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजना की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों के प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के उदेश्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ जरूर ले। किसी प्रकार की समस्या हो, तो उसे जरूर साझा करें, ताकि आपको सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ आपकी समस्याओं को भी दूर किया जा सके। कार्यक्रम में उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। सावित्री बाई फुले किशोरी संमृद्धि योजना के तहत स्कूली छात्राओं को योजना का लाभ दिया गया और स्कूली छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। शिविर मे पेंशन, आधार कार्ड समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत खूंटी प्रखंड की डाड़गुटू पंचायत, तोरपा की डोड़मा, रनिया प्रखंड की तांबा पंचायत मुरहू के बिंदा और इंदीपीड़ी पंचायत और अड़की के पुरनानगर तथा नौढी पंचायत में शिविर का आयोजन कर योतनाओं का लाभ और जानकारी ग्रामीणों को दी गयी।

## कर्रा प्रखंड के डहकेला में उपायुक्त ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन



खूंटी। कर्रा प्रखंड के पंचायत सचिवालय, डेह-केला में बने पुस्ताकलय का शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस दौरान डीसी ने लाइब्रेरी में पठन-पाठन को लेकर की गयी व्यवस्था का जायजय लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को लाइब्रेरी में पठन-पाठन का अच्छा माहौल मिलेगा, जहां वे बैठकर अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पंचायत सचिवालय में बच्चों के पठन-पाठन के लिए दो कमरे में लाइब्रेरी की व्यवस्था की गयी है, जहां बच्चों को बैठकर पढ़ने के साथ-साथ विभिन्न विषयों की किताबें, कंप्यूटर, इंटरनेट समेत अन्य सुविधा मुहैया कराई गयी है। उपायुक्त ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय डेहकेला का निरीक्षण कर विद्यालय में पठन-पाठन समेत अन्य व्यवस्थाओं को देखा। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, अंचल अधिकारी कर्रा समेत अन्य संबंधित अधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

# देश की एकता और अखंडता के लिए हिंदुओं को संगठित होना जरूरी : विकास मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को तोरपा एनएचपीसी मंदिर परिसर में षष्ठी पूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला मंत्री विरेंद्र सोनी, प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह, मातृशक्ति संयोजिका सीमा देवी और उमेश मांझी ने मंत्रोच्चार के बीच दीप जलाकर किया। मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए हिंदुओं को संगठित होना जरूरी है। सामाजिक विभेद फैलाकर हिंदू समाज को कमजोर करने के कुचक्र से सावधान रहने की आवश्यकता है। विरेंद्र सोनी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना का मुख्य उदेश्य हिंदू समाज को संगठित और जागृत करना है। एमपी सिंह ने कहा कि जब तक हिंदू समाज आपस में बंटा रहेगा, तब तक कमजोर बना रहेगा। सीमा देवी ने कहा कि हर सनातनी को शास्त्र के साथ शस्त्र का भी ज्ञान होना चाहिए। अपने समाज व धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र भी उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। दुगार्वाहिनी संयोजिका भानुमति देवी ने कहा कि हमें अपने संस्कार व मान मयार्दा नही भूलनी चाहिए। उमेश मांझी ने मुंडारी में हनुमान चालीसा पाठ किया। इस मौके पर अमृता देवी, देवंती देवी, मंजू देवी, दुलारी देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, वीणा देवी, संगीता ठाकुर, संगीता मिश्रा, मंगला देवी आदि उपस्थित थे।

## 15 सौ की उधारी नहीं चुकाने पर दो दोस्तों ने ही की थी एतवा मुंडा की हत्या



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** महज 1500 रुपये की उधारी न चुकाने पर दोंस्तों ने ही अड़की थाना क्षेत्र के साके गांव निवासी मंगल सोय उर्फ एतवा सोय उम्र करीब 21 वर्ष की हत्या ने कर दी थी। पुलिस ने इस मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपित कृष्ण स्वांसी 23 वर्ष ग्राम रायतोड़ांग थाना अड़की और एतवा मुंडा उम्र 22 वर्ष ग्राम बंदीडीह थाना मारंगहंदा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार को भी बरामद कर लिया। इस आशय की जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि 25 मार्च 2024 को खूंटी थाना क्षेत्र के अनिगड़ा गांव के पास एक अज्ञात शव बरामद किया गया था।

## विधायक ने हाथी प्रभावित गांवों का किया दौरा

सोनहातू (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को प्रखंड के हेसाडीह पंचायत का दौराकर जंगली हाथियों द्वारा नुकसान किये गये फसल की जानकारी लिये। हेसाडीह पंचायत के ग्रामीणों से बैठक कर हाथियों द्वारा उत्पात को रोकने और गांव और फसल को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक चर्चा किए। विधायक ने आश्वस्त किया कि किसानों के क्षति पर दुखी है। इनकी नुकसान का भरपाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभावित गांवों के किसानों के बीच हाथी भगाने के लिये प्रभावशाली टॉर्च और फटाखे का वितरण भी किये। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, संजय महतो, चितरंजन महतो, प्रताप सिंह मुंडा, काशीनाथ सिंह मुंडा, बिदू भूषण सिंह मुंडा, शक्ति सिंह मुंडा, रमेश सिंह मुंडा, तापस कर्मकार, श्रीकांत लोहारा, बसंत पातर मुंडा दीनानाथ प्रमाणिक, संतोष साहू, प्रभात वर्मा, आदि मौजूद थे।

## सेवाराम की अध्यक्षता में जेएलकेएम की बैठक

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड में जेबीकेएसएस/जेएलकेएम की बैठक सेवाराम महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 1 सितंबर को आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू से लोटा-सिल्ली शहादत स्थल तक न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जेबीकेएसएस /जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो उपस्थित होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड के 14 पंचायत में आयोजन को लेकर प्रभारी नियुक्त किया। बैठक में सभी पंचायत के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आपकी योजना-आपके द्वार योजना के अंतर्गत 72 शिकायत दर्ज करायी

बुंडू (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार योजना अंतर्गत शुक्रवार को बुंडू नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वार्ड नंबर 1 के विभिन्न क्षेत्र से ब्लॉक परिसर ब्लॉक रोड, पावर हाउस, ठाकुर बागान मुंडा कॉलोनी, एनएच 33 इत्यादि जगहों के जनताओ द्वारा कुल 72 विभिन्न मत में शिकायत दर्ज कराया गया। जैसे की सड़क सफाई, नाली सफाई शौचालय सफाई, होल्डिंग टैक्स, वॉटर टैक्स इत्यादि उक्त शिविर पर प्रशासक नगर पंचायत बुंडू नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक एवं सभी कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे। तथा आगामी शिविर 31/8/24 वार्ड नंबर 2 राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजार टांड बुंडू में निर्धारित है।

# 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो, अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्री, जया पांडेय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 21 विभागों के स्टॉल बनाए गए थे,सभी स्टॉलों का विधायक और एसडीएम ने बारी बारी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों के समस्याओं से रूबुरु हुए। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सबिता महतो ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा विगत तीन वर्षों से आपकी योजना, आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम को एसडीएम शुभ्रा रानी ने भी संबोधित करते हुए आम जनताओं से अपील किया कि अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाए। वही कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 293आवेदन जमा हुए थे, जिसमें 96 आवेदन तत्काल निष्पादन किया गया।

## रडगांव में आयुर्वेदिक चिकित्सा भवन बिना डॉक्टर के चल रहा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तमाड़/रडगांव।** प्रखंड के रडगांव में आयुर्वेदिक चिकित्सा भवन बिना डॉक्टर के चल रहा है, कंपाउंडर के भरोसे ही चल रहा है, डा संजय कुमार 2020 से पदभार संभाले हुए हैं, 2020 से मात्र सात आठ बार ही चिकित्सा भवन आये है, आज तक डॉक्टर का बोर्ड भी लगा हुआ नहीं है, और न ही समय सारणी दिया हुआ है, मिली जानकारी के अनुसार डॉ संजय कुमार अपने घर में निजी किलिनिक खोले हुए हैं, उनको 19 जगह का पदभार मिला हुआ है, उनके निवास स्थान से 50-60 किलोमीटर के दायरे में सभी आयुर्वेदिक केंद्र आते हैं, मार्च 2024 में बरेंदा, हलमाद और उमेदंडा में स्टेट सरकार के द्वारा दावा का वितरण किया गया। मगर रडगांव में दवा नहीं आया, पता चला कि एक दिन में ही तीनों जगहों में दवा खत्म हो गया जिससे वहां के जनता में आक्रोश है, राजेंद्र राम नामक वैध सहायक प्रतिदिन रडगांव आयुर्वेदिक केंद्र में आते हैं मगर दवा नहीं रहने के कारण मरीजों को दवा नही मिल पा रहा है। इलाज के लिए मरीज दूर दराज से आते है और मायूस होकर लौट जाते हैं जिससे ग्रामीणों और मरीजों में रोष है।

## पिपरवार के ग्रामीण इलाकों में प्रवेश किया जंगली हाथियों का झुंड

# गरीबों का उजाड़ा आशियाना, फसलों को किया बर्बाद, दहशत में हैं ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



जंगली हाथियों के द्वारा तोड़ा गया घर।



पीड़ित परिवार से मुलाकात करते विकास महतो।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों के झुंड ने प्रवेश करते ही जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। जंगली हाथियों के उत्पात में काफी नुकसान होने की सूचना आ रही है। जंगली हाथियों के झूण्ड ने जहां एक तरफ गरीबों का आशियाना उजाड़ कर रख दिया है, वहीं दूसरी ओर फसलों में लगे फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों के झुंड बीती रात्रि पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती में प्रवेश किया, जहां हाथियों के झूण्ड ने संदीप महतो के घर को ध्वस्त कर दिया, साथ ही घर में रखें अनाज को खाकर कई सामानों को बर्बाद कर दिया। हाथियों का आतंक यही नहीं रुका और जंगली हाथियों के झूण्ड ने खेतों में लगे फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। हाथियों के उत्पात के बाद ग्रामीणों के द्वारा मशाल जलाकर हाथियों को खदेड़ा गया। वही जंगली हाथियों के झुंड ने बचरा बस्ती से सटे पताल गांव मे भी जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने ग्राम पताल टोला और पड़रियाटांड मे प्रमिला देवी पति तापेश्वर महतो एवं निराशो देवी पति जगरनाथ महतो के घर को तोड़कर तहस नहस कर दिया। हाथियों के उत्पात के दौरान स्थानीय ग्रामीण किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाया। घर तोड़ने के बाद हाथियो ने घर मे रखे खाने पीने के वस्तु, धान, मकई, गेंहू व चावल भी खा गये। साथ ही मकई, धान की फसल नष्ट कर दिया। इधर शुक्रवार की सुबह इसकी जानकारी मिलने के बाद जेबीकेएसएस जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव विकाश कुमार महतो गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली,साथ ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय एंव वन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस संबंध में कहा कि हाथियों के उत्पात में ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है, जिसको लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगिक संस्थानों एंव कोयला खनन परियोजना के द्वारा वनो की कटाई से उजड़ते जंगल एवं हाथियों के कारिडोर को नष्ट करने के कारण आज हाथियों का निवास स्थल कम होता जा रहा है। जिससे हाथियों की झुंड गांव में घूस जा रहें है और जान माल की भी क्षति पहुंचा रहें है।वन विभाग की लापरवाही से जनता को आए दिन क्षति हो रहा। 20 अगस्त को बुंडू गांव के भी कई लोगों के घर तोड़े गये। मवेशी को मार दिया व फसल नष्ट किया गया। वन विभाग के अधिकारीयों को अपनी चुपी तोड़कर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तुरंत सक्रिय होना चाहिए।

# आजसू ने निकाली जनजागरण पदयात्रा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** आजसू पार्टी की ओर से शुक्रवार को कुकडू प्रखंड में जनजागरण पदयात्रा निकाली गयी। कुकडू प्रखंड मुख्यालय से हाट तोला तक केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा हाटतोला में पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गयी, जहां चलंत एलइडी वैन के माध्यम से हेमंत सरकार घोषणाओं और वादों के वीडियो दिखाये गये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आजसू कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को धोखा देने का काम किया है। हेमंत सरकार ने अपने ही झारखंड आंदोलन के संस्थापक सदस्य चंपई सोरेन जैसे नेताओं को अपमानित करने का काम किया है। इसके लिए हेमंत सरकार को जनता कभी माफ नहीं करेगी। हरेलाल महतो ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंडी भावना का आभास हुआ था लेकिन चंपई सोरेन से जबरन इस्तीफा लिया गया। चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद फिर से झारखंड विरोधी ताकतों ने राज्य सरकार पर कब्जा जमा लिया है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, विधानसभा प्रभारी सुनील सिंह, प्रखंड अरुण महतो ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस मौके पर कृष्णा पोद्दार, बसंत पोद्दार, राजू गोराई, ठाकुर सिंह, सुनील महतो, रोहिन महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में प्रदीप पांडेय की मौत

रडगांव/तमाड़ थाना क्षेत्र के रंगामाटी टीकर मोड़ एनएच-33 में एक मोटरसाइकल जिसका नं जेएच 05 सीएल 8814 को अज्ञात ट्रेलर ने अपने चपेट में ले लिया, जिसमे प्रदीप पांडेय की मौके पर ही मौत हो गयी और राजू सिंह पिता अवधेश सिंह को हल्की चोट आई है। बताया जाता है कि ये दोनो जमशेदपुर बाघमारा का रहने वाला है, ये दोनो टाटा से रंगामाटी आए हुए थे और दोनो शराब में धुत थे, शव को तमाड़ थाना अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पिपरवार की टीम बनी विजेता




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया मे संपन्न हुए सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पिपरवार एरिया की टीम विजेता बना है। पिपरवार एरिया के कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिपरवार टीम को विजेता बनाया है। पिपरवार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल कुल आठ कलाकारों ने प्रथम,दो कलाकारों ने द्वितीय और चार कलाकारों ने तृतीय स्थान लाकर पिपरवार एरिया को ओभरऑल चैम्पियन बनाया है। जानकारी के अनुसार पिपरवार टीम के कलाकार जयपाल दास भजन मे तृतीय, गोपाल शर्मा गजल मे द्वितीय, गीत मे रतन लाल प्रथम, रविंद्र संगीत मे स्वरूप सन्यामत तृतीय, नजरुल गीत में संजय चटर्जी प्रथम, ध्रपद धमार मे बिजय शर्मा प्रथम व ख्याल मे द्वितीय, ठुमरी मे गोपाल शर्मा तृतीय, भारतीय लोक गीत में शिवमंगल गिरी और लाइव सॉन्ग में रतन लाल प्रथम, तबला में संतोष दास प्रथम, फ्लुट मे तेतर भगत प्रथम, गिटार मे हीरा दास प्रथम, कव्वाली में इम्तियाज एंड ग्रुप द्वितीय और आर्केस्ट्रा में हीरा दास एंड ग्रुप प्रथम स्थान पर रहा। सीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा ने पिपरवार एरिया को चैंपियन ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## अब्दुल्ला अंसारी ने हाथी से क्षतिग्रस्त पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की



हाथी से क्षतिग्रस्त घर को देखते मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के मनातू गांव में शुक्रवार को जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने यशोदा देवी, प्रमिला देवी तथा किरण देवी का घर क्षतिग्रस्त कर दिया। तीनो काफी गरीव परिवार से है। साथ ही काफी फसल का भी नुकसान कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी पीड़ित परिवार से मिलकर तत्काल तीनो को तीन-तीन हजार रुपया दिया। अंसारी ने वन विभाग के पदाधिकारियों व बीडीओ से भी बात कर पीड़ित परिवार को मदद करने का बात कहा।

## नये प्रभारी रोशन कुमार से शिष्टाचार भेंट की



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना के नये प्रभारी रोशन कुमार से शिष्टाचार भेंट की। गुलदस्ता देकर नये थाना प्रभारी को हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किये। स्वागत में हीरा मुंडा, आकाश खंडित, मुरली सेठ, विनिता देवी, शशिकला, हर्षित के द्वारा किया गया।

# सेवानिवृत्त शिक्षक आचार्य सियाराम सिंह को दी विदायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शुक्रवार को विदायी समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्ति शिक्षक आचार्य सियाराम सिंह को विदाई दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सियाराम सिंह ने सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में चंद्रभूषण सिंह, अजय कुमार पाठक सम्मान पत्र वचन प्रस्तुत किये। वहीं उपाध्यक्ष महेंद्र यादव व सचिव संजीव रंजन सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। शिवानी, देविका, राधा, श्वेता, रेखा, निशांत ने उपहार प्रदान किये गये। सियाराम सिंह ने सहयोगियों के आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी की नियुक्ति होती है तो उसका सेवानिवृत्त भी होगी। इस संगीतकार में संजीव कुमार सिंह, वसंती कुमारी, नूतन सिंह प्रिया कुमारी, रीमा कुमारी, सूरज कुमार, दिलीप शर्मा कुमार, विनीत कुमार, गोटी शंकर कामिला-गोविंद कुमार चैहान, राघवेंद्र जी, विनोद कुमार उपस्थित थे। अंत में प्रचार्य शालिग्राम सिंह ने धन्यवाद देते हुए सियाराम सिंह के आगे के सुखमय व स्वस्थ जीवन की कामना किये।

## बुंडू में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। खेल दिवस के अवसर पर सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी की इंटर हाउस प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिस में क्रिकेट और वॉलीबॉल में सरस्वती हाउस विजयी हुआ। तथा कबड्डी में यमुना हाउस ने विजय हासिल की। खेल दिवस में पूरे स्कूल में उत्सव का माहौल बना हुआ था। विजेता टीमों को स्कूल की प्रधानाचार्या तराना बेगम ने पुरस्कार देकर के सम्मानित किया और कहा कि बच्चों के विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल की भी आवश्यकता है।

# ससुराल से मांगें पूरी नहीं होने पर पति ने की तीन बच्चों की मां से दूसरी शादी

## पहली पत्नी को बुरी तरह से पीटा, रिम्स अस्पताल में चल रहा इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता


रिम्स अस्पताल में इलाजरत फराह खातून।

**रातू।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के उलातु गांव में ससुराल से दहेज की मांगें पूरी नहीं किए जाने से नाराज युवक द्वारा तीन बच्चों की मां से दूसरी शादी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं, कथित रूप से पति द्वारा अपने घरवालों के साथ मिलकर पहली पत्नी को बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिये जाने का भी आरोप है। पीड़िता के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट के निशान है। उसका हाथ भी टूट गया है, जिसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उसकी पहचान फरहा खातून के रूप में हुई है। वह रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी की रहनी वाली है। इस बाबत पीड़िता ने पिठौरिया थाना में पति सरफराज मल्लिक, देवर एजाज मल्लिक व सेराज मल्लिक, ससुर हुसैन मल्लिक, सास सलेहा मल्लिक और ननद गुलनाज खातून के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### बिना बताये दूसरी शादी करने का आरोप

पति सरफराज मल्लिक ने अपनी पत्नी फरहा खातून को बिना बताए विवाहिता महिला (तीन बच्चो की मां) से प्रेम विवाह कर लिया है। जबकि सरफराज का पहली पत्नी से दो पुत्र फैज मल्लिक (90 और ओवैस मल्लिक (5) हैं। जानकारी के मुताबिक फरहा खातून की शादी साल 2013 में पिठोरिया थाना अंतर्गत उलातु गांव निवासी हुसैन मल्लिक के पुत्र सरफराज मल्लिक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति सरफराज अपनी पत्नी फरहा से उसके मायके से दहेज लाने का दबाव बनाता था। मांगे पूरी नहीं होने पर पत्नी को शारीरिक व मानसिक यातनाएं देता था। मारपीट की जानकारी पिठोरिया थाने में देने के बाद सिर्फ समझौता कर घर भेज दिया जाता था। इसके अलावा गांव में अंजुमन कमेटी द्वारा भी कई बार पंचायती कराई गई थी। उसके बाद भी पति लगातार उसके साथ मारपीट करता रहा। 28 अगस्त की शाम को पति सरफराज ने अपने घरवालो के साथ मिलकर रूम में बंद कर पत्नी को फिर से बुरी तरह पिटाई की। पुलिस आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# लापुंक और अनगड़ा में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग/अनगड़ा।** लापुंग थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर-लापुंग मुख्य सड़क पर गरई नदी के समीप शुक्रवार की शाम 7.30 बजे बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान लापुंग के गरई निवासी राजेश होरो (55) और जरियागढ़ थाना क्षेत्र के हुड़मा टोली निवासी चामू कुजूर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेश होरो गोविंदपुर की ओर से अपने गांव घर जा रहा था। जबकि चामू कुजूर लापुंग की ओर से अपने गांव हुड़मा टोली जा रहा था। इसी दौरान बलारी नदी से कुछ दुर पर दोनों बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राजेश होरा पेशा से राजमिस्त्री था। वह



घर का कमाने वाला एक मात्र सदस्य था। उसकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर हादसे की खबर पाकर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव दल बल के साथ पहुंचे और पंचनामा करने के बाद शवों को थाने ले गये। जिन्हें शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पातल भेजा जाएगा। दूसरी ओर, **अनगड़ा** थाना क्षेत्र के राहे- हाहे मार्ग पर जरगा बाजार के पास शुक्रवार अहले सुबह अवैध बालू लदा एक हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक सोनाहातू का रहने वाला था। बताया जा रहा कि उक्त बालू लदा हाइवा ट्रक टाटीसिलवे की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान जरगा बाजार के पास अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। जिसमें दबकर चालक की मौत हो गई। विदित हो कि हाहे- राहे, टाटीसिलवे एवं सिल्ली- अनगड़ा मार्ग पर रातभर अवैध बालू का परिवहन होता है। बताते चलें कि एनजीटी द्वारा 15 अक्टूबर तक बालू के खनन, उठाव, भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगा दी गई है, बावजूद इन मार्गो पर धड़ल्ले से बालू की तस्करी जारी है। खनन विभाग और पुलिस प्रशासन बालू की तस्करी को रोक पाने में विफल हो चुकी है।

## राजेंद्र पासवान के अपमान से नाराज मूलवासी सदान मोर्चा ने फूंका गोड्डा सांसद का पुतला



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मूलवासियों ने महावीर चौक पर मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले पिछड़ा, दलित, सवर्ण की ओर से धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो व मुमताज खान के नेतृत्व में गोड्डा सांसद के विरोध में प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। बतातें चलें कि पिछले दिनों सांसद ने झारखंड के पिछड़े, दलित, स्वर्ण, मूलवासी खतियानी सदानों के अगुआ केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के विरुद्ध कथित रूप से अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिससे पूरे झारखंड के मूलवासी सदान काफी आक्रोशित एवं दुखी हैं। धनंजय राय ने कहा हमारे केंद्रीय अध्यक्ष मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इसको लेकर वे संथाल परगाना लगातार जा रहे हैं। जिससे घबराकर निशिकांत दुबे ने अमर्यादित बयान दिया है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, विश्वनाथ गोप ने कहा कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे राजेंद्र प्रसाद पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निशिकांत दुबे पिछले विधानसभा चुनाव में महगामा और जरमुंडी में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ काम कर रहे थे और दूसरे दल के उम्मीदवारों को चुनाव जीतवाने में लगे थे। निशिकांत दुबे पिछड़े दलित एवं मूलवासी सदानों का घोर विरोधी है। वहीं, मुमताज खान ने कहा सांसद निशिकांत दुबे को माफी मांगनी होगी। नहीं तो पूरे राज्य में इसका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर नवदीप महतो, हेमंत महतो, बसंती देवी, सुशील साहू, उमेश खातून, तुलसी साहू, पप्पू वर्मा, हेमंत टंडन, शकील, विशेश्वर गोप, सजामुल खान, सरहुल टंडन, हामिद मीर, साजिद मीर, नवल केसरी आदि मौजूद थे।

## विहिप की स्थापना का उद्देश्य शक्तिशाली हिंदू समाज का निर्माण करना: मिथिलेश्वर

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर पिठोरीया के दुर्गा मंदिर में षष्टिपूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि 1964 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हिंदू समाज के संगठन, हिंदू धर्म एवं मानबिंदुओं की रक्षा व संवर्धन के लिए साधु संतों की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। जिसके बाद विहिप द्वारा सामाजिक समरसता, गोरक्षा, मठ मंदिरों की सुरक्षा, कई प्रकार के सेवा और सामाजिक संस्कार के कार्य निरंतर किये जाते रहे हैं। समाज के साथ मिलकर श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में विहिप ने अग्रणी भूमिका निभाई। जिस कारण आज नवनिर्मित राम मंदिर में श्रीरामलला विराजमान है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रणविजय शाहदेव, बजरंग दल से संयोजक विनय, प्रखंड उपाध्यक्ष भवानी सिंह, बजरंग दल संयोजक राहुल सिंह, लोकनाथ शाहदेव, अनिल केसरी, दीपक दास आदि थे।

## मारपीट और लूटपाट के आरोप में युवक गिरफ्तार

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में मारपीट व लूटपाट के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मोजाहिर अंसारी के रूप में हुई है। विदित हो कि मोजाहिर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ गांव के ही रफीक आलम के साथ मारपीट व लूटपाट करने का आरोप है। थाना प्रभारी विनित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापामारी कर आरोपी युवक को ठाकुरगांव बैंक मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।**

## मंईयां सम्मान योजना के लिए 7412 महिलाओं का आवेदन स्वीकृत

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड **में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के निबंधन को लेकर 7822 महिलाओं ने आवेदन किया है। जिसमें से 7412 महिलाओं के आवेदन को प्रशासनिक स्वीकृत देते हुए निबंधन कर ली गई है। जबकि 22 आवेदन में त्रुटी के कारण रद्द कर दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र में प्रशासन द्वारा तीन से 19 अगस्त तक शिविर लगाकर महिलाओं से आवेदन लिया गया था।**

## टेरो प्लस टू स्कूल में प्रबंध समिति का गठन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीय बुनियादी प्लस टू उच्च विद्यालय टेरो में शुक्रवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका कलावती कुमारी के नेतृत्व में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सुधीर गोप की अध्यक्षता में अभिभावकों में सबसे पहले 12 सदस्य चुने गए। इसके बाद सुमन देवी को अध्यक्ष और मनोज महतो को उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव शांतिपूर्ण हुआ।**

## उमेश बड़ाईक से ग्रामीणों ने की बिजली पोल और सड़क की मांग



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह जनजाति सुरक्षा मंच के जिला सह संयोजक उमेश बड़ाईक शुक्रवार को रांची के नगड़ी प्रखंड पहुंचे। उन्होंने कुदलोग पंचायत के बालालोग कुसुम सरना टोली के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने सरना टोली में सड़क और बिजली की समस्या से उन्हे अवगत कराया। उमेश ने जल्द ही रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से बात कर सरना टोली में सड़क और बिजली पोल लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर राजकुमारी टोप्पो, सरिता उरांव, सुशिला कच्छप, फुलमती तिर्की, बिरसी खड़िया, किरण कुमारी, पार्वती गाड़ी, लुमन देवी, सुनीता उरांव, अनिता खाखा, पुनम टोप्पो, अनिमा कुजूर, लालमुणिया तिग्गा के साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## कांके के उरुगुटू पंचायत में अबुआ आवास को लेकर ग्रामीण आक्रोशित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के उरुगुटू पंचायत में कुछ दिन पूर्व अबुवा आवास को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस मामले को लेकर शुक्रवार को उरूगुटू के ग्रामीण पंचायत भवन में जूटे। उनका कहना है कि रिजवान अंसारी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए बेबुनियाद आरोप लगाकर बहुत से लाभुकों का नाम कटवा दिया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कुछ महिलाओं को पैसों का लालच देकर मीडिया में झूठी बयानबाजी करवाई गयी ती। इसी बात से आक्रोशित होकर पूरे पंचायत के ग्रामीणों एवं लाभुकों ने पंचायत स्तरीय बैठक कर निर्णय लिया कि रिजवान अंसारी पर कार्रवाई हो। साथ ही बीडीओ व डीडीसी को पत्र लिखकर सही बात की जानकारी दी जाएगी। वरीय पदाधिकारियों से जितने भी लाभुकों का नाम काटा गया है। उसे पुनः जोड़ने का अपील की जाएगी।

## ट्रेन से कटकर बेड़ो के सेरो में किसान की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पंचायत अंतर्गत सेरो ग्राम निवासी किसान लच्छू उरांव (38) की शुक्रवार की सुबह 9.40 बजे लोहरदगा से रांची की ओर जा रही ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। उसका शव पोल संख्या 63/9 और 163/ 8 के बीच बरामद हुआ। इसकी जानकारी मिलने पर नरकोपी थाना के एसआई नगीना प्रसाद सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंच गये। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पातल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक लच्छु उरांव गांव में ही खेती बारी करता था। इस दिन रेल लाइन के दूसरी तरफ अपने धान के खेत में घास निकालने जा रहा था। तभी वह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी पत्नी, बच्चों व स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की दो बेटी व एक बेटा है।**

## अबुआ आवास योजना में पैसा लिये जाने का आरोप

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। कांके प्रखंड के उरूगुटू पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अबुआ आवास योजना में पैसा लिये जाने की अफवाह के निराकरण को लेकर शुक्रवार को बैठक की। जिसमें बताया कि उरूगुटू गांव के एक व्यक्ति द्वारा नीजि स्वार्थ के चलते पैसे लिए जाने की अफवाह फैलायी गई। इसकी बीडीओ ने जांच की, तो आरोप महज अफवाह निकली। बैठक में तय किया गया कि अबुआ आवास योजना में जिन योग्य लाभूकों का नाम कटा है उनका नाम फिर से जोड़ा जाए और अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक की कार्यवाही की लिखित सूचना डीसी, डीडीसी, बीडीओ व थाना प्रभारी को भी दी गई। मौके पर देवेंद्र महली, छत्तीस्वर महतो, गुदन देवी, मोनिका देवी आदि थे।**

### महत्वपूर्ण न्यूज

## चिलदाग एसएस प्लस टू हाइस्कूल में पारितोषिक सह प्रशस्ति पत्र वितरित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चिलदाग एसएस प्लस टू हाई स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को पारितोषिक सह प्रशस्ति-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विगत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच आयोजित परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्रदर्शन, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल 300 विद्यार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र बांटे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स के क्षेत्रीय निदेशक डॉ रणवीर सिंह, झालसा के एक्सपर्ट मेडिएटर सह सेवानिवृत्ति पुलिस उपाधीक्षक पीएन सिंह, दामोदर बचाओ आंदोलन के सचिव सह पर्यावरणविद् आशीष शीतल मुंडा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, विजुअल आर्ट के शिक्षक दीपांकर कर्मकार (मूर्तिकार), सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा महतो, फणींद्र महतो, प्राचार्या श्रीमती संगीता रवि, थर्ड ऑफिसर (एनसीसी) श्रीमती श्रेया कुमारी, थर्ड ऑफिसर (नेवल) श्रीमती होलिका महतो सहित गेतलसूद एवं अनगड़ा के शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में एकल-नृत्य प्रतियोगिता के लिए पूजा रानी को पुरस्कृत करते हुए इन्हें केंद्र सरकार से स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर क्षेत्रीय निदेशक ने छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए भविष्य में उत्तरोत्तर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रभारी प्राचार्या संगीता रवि ने केंद्र सरकार के क्षेत्रीय निदेशक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गेतलसूद की टीम ने जीता आजसू की ओर से आयोजित फूटबॉल टूर्नामेंट का खिताब



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खेल दिवस पर आजसू के केंद्रीय सचिव सह खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के सौजन्य से गेतलसूद मैदान में आयोजित दो दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का खिताब गेतलसुद की टीम ने जीत लिया। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में गेतलसूद की टीम ने नवागढ़ की टीम को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक कर फाइनल मैच शूरू कराया। इस अवसर पर बालिका फुटबॉल प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन किया गया। बाद में विजेता, उपविजेता सहित अन्य टीमों को भी हुई टीमों नगद राशि, ट्रॉफी, जर्सी, फुटबॉल आदि खेल सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ देवशरण भगत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलो और आगे बढ़ो। कहा कि आजसू हमेशा युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करती है। युवाओं को खेल के माध्यम से संभावित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने और आगे बढाने के उद्देश्य से राज्य भर में इस तरह के आयोजन करती रही है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए पारसनाथ उरांव के इन प्रयासों की सराहना की। मौके पर आजसू के केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, केंद्रीय सदस्य विरेंद्र सिंह भोगता, जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा, प्रकाश चौधरी, भाजपा एससी मोर्चा महामंत्री संजय नायक, बैजनाथ महतो, योगेन्द्र महतो, धर्मवीर नायक, मुकेश लोहरा, अजीत महतो, पारस महतो, बाबुलाल महतो, सुनील कुमार, झरिया वेदिया, सोनू उरांव, बिपिन मुंडा, लक्ष्मण महतो आदि उपस्थित थे।

## इटकी पीएससी में चिकित्सक ने संभाला अतिरिक्त पदभार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को वर्षो बाद बेड़ो पीएससी में पदस्थापित चिकित्सक डॉ सनल सानू बरवार ने अतिरिक्त पद भार संभाल लिया है। अधिकृत जानकारी के अनुसार इटकी पीएससी में जबतक डॉक्टर की पदस्थापना नहीं होती है, तब तक डॉ बरवार कार्यभार संभालेगे। बता दें कि करीब एक साल से भी अधिक समय से इटकी पीएससी में डाकटरों का पद रिक्त था। जिससे चिकित्सा सेवा ठप हो गयी थी। पीएससी में डाक्टरों की पदस्थापना को लेकर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया था। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्वास्थ्य सचिव को तत्काल चिकित्सक के पद स्थापना के लिए पत्र लिखा था। तब जाकर इटकी पीएचडी में डाक्टर का पदस्थापन हुआ है।

# कांके के पंचायत प्रतिनिधियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री, चांसलर व कुलपति को लिखा पत्र, कहा सीयूजे में गलत प्रमाण पत्र के सहारे हुई चीफ प्राक्टर मयंक रंजन की नौकरी, जांच कर कार्रवाई हो

सुनील कुमार गुप्ता



**कांके (आजाद सिपाही)।** सीयूजे के वर्तमान चीफ प्राक्टर सह इंग्लिश स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर मयंक रंजन की नियुक्ति गलत प्रमाण पत्रों के सहारे होने का गंभीर आरोप लगाते हुए कांके के पंचायत प्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत केंद्रीय शिक्षा मंत्री, चांसलर और सीयूजे के कुलपति से की है। लगे हाथ जांच कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गयी है। कांके के पंचायत प्रतिनिधियों ने पत्र के माध्यम से बताया है कि मयंक रंजन की नियुक्ति वर्ष 2019 में गलत दस्तावेजों के आधार पर अनियमितता बरतते हुए तत्कालीन कुलपति ने किया था। 12 अगस्त को इसकी लिखित शिकायत केंद्रीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, चांसलर और वीसी से करते हुए जांच की मांग की गयी थी। पत्र में कहा गया है कि डॉ मयंक रंजन वर्ष 2013 के अक्टूबर में सहायक प्राध्यापक के रूप में नियुक्त किए गए। इसके पहले जुलाई 2013 में उनकी नियुक्ति गेस्ट फैकल्टी सहायक प्राध्यापक इंग्लिश स्टडीज के रूप में सीयूजे में की गई थी। बाद में दिसंबर 2019 में उनकी सीधी नियुक्ति सीयूजे में सह प्राध्यापक के रूप में हुई। पहली बार जब इनकी नियुक्ति गेस्ट फैकल्टी सहायक प्राध्यापक के रूप में हुई थी तब उन्होंने खुद को विजिटिंग लेक्चरर एसएस कालेज मेहुस शेखपुरा टीएमबीयू, भागलपुर और मुंगेर के विश्वनाथ सिंह इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज में विजिटिंग लेक्चरर बताया था। वहीं 35000 प्रतिमाह वेतन पर अज्ञात संस्थान में कार्य करने का उल्लेख किया था। वहीं अक्टूबर 2013 में स्थाई नियुक्ति के समय मेहूस शेखपुरा में 14 माह का अनुभव होने की बात कही थी। इसके अलावा मुंगेर कालेज में कार्य का अनुभव पूर्व के डेढ़ वर्ष की जगह अचानक घटकर 10 माह का हो गया है। सह प्राध्यापक बनने के लिए वर्ष 2019 में जिस अनुभव का उल्लेख उन्होंने किया है वह चौंकाने वाला है। डॉ मयंक रंजन ने मुंगेर कालेज में 17 जनवरी 2008 से 28 मार्च 2010 तक विजिटिंग फैकल्टी होने और 29 मार्च 2010 से चार जनवरी 2013 तक उसी मुंगेर कालेज में नियमित सहायक प्राध्यापक होने का उल्लेख किया है। ये सारी बातें एक-दूसरे की विरोधाभासी हैं और व्यापक गड़बड़ी की ओर इशारा करती हैं। वहीं उनकी पीएचडी की अवधि भी सवालों के घेरे में है। उनका पीएचडी में रजिस्ट्रेशन पांच सितंबर 2007 को हुआ था और उनको डिग्री मार्च 2010 में टीएम भागलपुर यूनिवर्सिटी से ढाई साल में ही पूरी होकर मिल गई। बीपीएससी पटना ने अपने विज्ञापन संख्या 45/2014 में आवेदन करने वालों में से अयोग्य पाए गए अभ्यर्थियों की सूची जारी की थी। उस सूची के क्रम संख्या 54 पर डॉ मयंक रंजन को अयोग्य पाया गया था। ऐसे में उनको सीयूजे प्रशासन ने 2013 में ही कैसे योग्य उम्मीदवार मान कर सहायक प्राध्यापक के रूप में बहाल कर दिया था। उनकी नियुक्ति के लिए आरक्षण रोस्टर तक को ताक पर रख दिया गया। इंग्लिश स्टडीज विभाग सीयूजे रांची में एक प्राध्यापक, दो सह प्राध्यापक और चार सहायक प्राध्यापक के पद स्वीकृत हैं। इनमें दो सह प्राध्यापकों में से एक सीट एसटी उम्मीदवार के लिए आरक्षित थी। एक पद पर सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का चयन पहले ही हो चुका था। मार्च 2019 में एसटी उम्मीदवार के लिए विज्ञापन निकाला गया था। लेकिन दिसंबर 2019 में इसको सामान्य बना कर दोबारा प्रकाशित किया गया जिसमें मनमाने ढंग से सीट की संख्या बढ़ाकर दो कर दी गई। उन दोनों सीटों पर सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी को चयनित किया गया जिसमें एक डॉ मयंक रंजन भी शामिल हैं। इसको लेकर पूर्व में भी शिकायत की गई थी लेकिन उसको दबा दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोपों से जुड़े सारे कागजात संलग्न कर भेजा है।

इस संबंध में सीयूजे के चांसलर प्रोफेसर जेपी लाल ने कहा कि मयंक रंजन पर लगे आरोपों से संबंधित पत्र मुझे मिला था। मैं इस पर कार्रवाई के लिए कुलपति को फॉरवर्ड कर दिया हूं। इस पर क्या कार्रवाई हुई इसकी मुझे सूचना नहीं है। वहीं दूसरी ओर सीयूजे के कुलपति प्रोफेसर क्षितिज भूषण दास ने बताया कि मयंक रंजन पर लगा आरोप फालतू हैं। सीयूजे में विकास से संबंधित कई कार्य नहीं हो रहे हैं इसको लेकर आप लोग आवाज उठायें। वहीं, मयंक रंजन पर लगे आरोपों के बारे में कहा कि आरोप लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट भी चले जाएंगे। लेकिन कुछ नहीं होगा। सेलेक्शन कमेटी द्वारा मयंक रंजन की नियुक्ति की गई थी। इसे कोई चैलेंज नहीं कर सकता है।

